## एक नजर में

### छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

**धार।** श्रम कल्याण मण्डल विभाग के तहत शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना (योजना क्रमांक 2,43) के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। यह आवेदन लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन, एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन श्रम कल्याण केंद्रों से कर सकते हैं। आवेदक छात्र-छात्रा के माता अथवा पिता का मध्यप्रदेश श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982 में परिभाषित औद्योगिक संस्थान, स्थापना निधि स्थापना में कार्यरत होना अनिवार्य हैं। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों के कक्षा 5वीं से 12वीं एवं उच्च शिक्षा में अध्ययनरत बच्चों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना के तहत छात्र-छात्रा को 2 हजार रुपए से 12 हजार 500 रुपए तक कक्षावार एकमुश्त छात्रवृत्ति वर्ष में एक बार प्रदान की जाती है। लाभ राशि के वितरण की आवृत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर वर्ष में एक बार मिलेगी। इसी प्रकार शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना (योजना क्रमांक 2.44) योजना में आवेदक छात्र-छात्रा के माता अथवा पिता का मध्यप्रदेश श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982 में परिभाषित औद्योगिक संस्थान, स्थापना में कार्यरत होना अनिवार्य है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों के उच्च शिक्षा में अध्ययनरत ऐसे बच्चों को जिन्होंने विगत कक्षा न्यूनतम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है, निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस योजना में छात्र-छात्रा को 10 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक कक्षावार एकमुश्त छात्रवृत्ति वर्ष में एक बार लाभ मिलेगा। लाभ की राशि के वितरण की आवृत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर वर्ष में एक बार प्राप्त होगी।

### माय भारत पोर्टल पर पंजीयन के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**धार।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर धार राजीव रंजन मीना के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय बाग में विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बाग डॉ.सखाराम भूरिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देष्य युवाओं को माय भारत पोर्टल से जोड़कर उन्हे विभिन्न शासकीय योजनाओं, स्वंयसेवी गतिविधियों, कौशल विकास, नेतृत्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण से संबंधित अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। महाविद्यालय के प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी संतोष चोहान ने विद्यार्थियों एवं युवाओं को माय भारत पोर्टल की उपयोगिता, पंजीयन प्रक्रिया तथा इसके माध्यम से उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में सिगदार कन्नोज, प्रो. पूनम, अर्जुनसिंह रावत, गौरव गरोठिया मेकसिंग डावर आदि अधिकारी एवं कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### नशा मुक्ति पखवाड़े में हुईं गतिविधियां

**धार।** धार जिले में संचालित नशा मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जा रहे है। कार्यक्रमों में नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है तथा युवाओं एवं नागरिकों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया जा रहा है। साथ ही सभी नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें। हायर सेकेण्डरी स्कूल बलवारी में गुरूवार को नशा मुक्ति पखवा ?ा के तहत शाला में निबंध चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता कराई गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्ण भाग लिया। इसके अलावा हायर सेकेण्डरी स्कूल आहू में नशा मुक्ति जागरूकता पखवा ?ा कार्यक्रम आयोजित कर नशे से दूरी है जरूरी2.0 अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरी में भी नशा मुक्ति पखवा? के अंतर्गत आज रैली निकाली गई और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शपथ भी दिलाई गई।

# मिलावटी दूध-नकली प्रोडक्ट के खिलाफ जारी अभियान, लिए सैंपल

**नवभारत न्यूज**

**धार। कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देशानुसार एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला धार द्वारा दूध, दूध उत्पादों एवं डेयरियों के निरीक्षण व नमूना कार्रवाई के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत धार जिले के विभिन्न स्थानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 14 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए गए हैं।**





वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्मला सोमकुंवर के द्वारा धार शहर में 05 कारोबारियों के यहां निरीक्षण कर कार्यवाही की गई, जिसके तहत राजवाड़ा स्थित सोमानी डेयरी से दूध का नमूना, त्रिमूर्ति चौराहा स्थित शारदा डेयरी से दूध का नमूना, इंदौर-अहमदाबाद रोड स्थित सोलंकी इन्टरप्राइजेज से दूध का नमूना, नालछा दरवाजा स्थित सिद्धेश्वर ट्रेडर्स से अमृत ब्रांड घी एवं मायक्रीम ब्रांड गाय घी के नमूने, तथा निहाल नगर स्थित माय डेयरी से पनीर, मावा और दही के नमूने जांच हेतु लिए गए। इस दौरान निहाल नगर धार स्थित माय डेयरी के प्रोप्रायटर अमितेश पालखिया बिना खाद्य पंजीयन एवं बेहद अस्वच्छकर परिस्थितियों में डेयरी का संचालन करते पाए गए, जिस पर त्वरित कार्रवाई कर खाद्य सुरक्षा टीम ने डेयरी का कारोबार बंद करने का आदेश दिया। परिसर को सील कर बंद कराया गया।

इसी प्रकार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरजी माउटा के द्वारा कुक्षी क्षेत्र के अंतर्गत ग्वाला डेयरी उत्पाद (डही रोड, सुसरी) से खुला दूध, शिवाय स्वीट्स एंड दूध डेयरी (सुसरी फाटा, सुसरी) से खुला पनीर एवं खुला दूध, श्री कृपा स्वीट्स एंड डेयरी से खुला दूध, मथुरा दूध डेयरी (धार-चीखलदा मार्ग, कुक्षी) से खुला दूध, तथा कृष्ण स्वीट्स एंड डेयरी (सिनेमा चौपाटी, कुक्षी) से खुला दूध के नमूने लिए गए। विभाग द्वारा कार्रवाई के दौरान लिए गए सभी 14 नमूनों को गुणवत्ता की जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज दिया गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त होने वाली जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।





## तेरहवीं में जायसवाल की याद में किया पौधारोपण

**धार।** स्व. संतोष जायसवाल की पावन स्मृति में आयोजित तेरहवीं संस्कार के अवसर पर जायसवाल परिवार ने समाज में एक नई और सकारात्मक पहल की शुरुआत की। परिवार ने वर्षों से चली आ रही तेरहवीं पर लान/लेन-देन की परंपरा को स्वेच्छा से समाप्त करने का निर्णय लेते हुए समाज को सेवा, सहयोग और जनकल्याण का संदेश दिया।

इस अवसर पर परिवार द्वारा 5100 की राशि समाजहित और समाज विकास के कार्यों के लिए 1100 रुपए गौशाला के लिए और 1100 रुपए वृद्धाश्रम के लिए दान देने का संकल्प लिया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित सभी समाजजनों को पौधे भेंट किए गए, ताकि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान दे सके।

जायसवाल समाज के वरिष्ठजनों एवं उपस्थित समाजबंधुओं ने इस पहल का हृदय से स्वागत करते हुए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि समाज की प्रगति अनावश्यक लेन-देन की परंपराओं से नहीं, बल्कि शिक्षा, सेवा, पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा, जरूरतमंदों की सहायता तथा समाजहित के कार्यों में सहयोग से होगी। उपस्थित समाजजनों ने भविष्य में भी ऐसी जनहितकारी एवं समाजोत्थान की पहलों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक परिवारों से इस प्रकार के सामाजिक सुधारों को अपनाने का आह्वान किया। यह पहल न केवल एक परिवार का निर्णय है, बल्कि पूरे जायसवाल समाज को नई दिशा देने वाला एक प्रेरणादायी प्रयास है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अनुकरणीय बनेगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिलाई नशा मुक्ति को लेकर शपथ...

**धार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डही में नशा मुक्ति एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डही के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश पटेरिया के नेतृत्व में चिकित्सकों, नर्सिंग एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों तथा उपस्थित आम नागरिकों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई।

डॉ. राहुल रावत सहित स्वास्थ्य केंद्र के उपस्थित स्टाफ एवं आम नागरिकों ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया।

डॉ. राहुल रावत ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है। तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया।

## ऑनलाइन के दौर में मुआवजे के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर किसान

### सरकारी अधिकारियों के कारण मूर्त रूप लेने में पिछड़ रहीं योजनाएं

**बाकानेर (धार)। बड़े-बड़े मंच, चमकते बैनर और लाउडस्पीकर पर गूंजते लोकलुभावन वादे... हमारे देश में जब भी किसानों की बात आती है, तो योजनाओं की एक लंबी फेहरिस्त सामने रख दी जाती है। तकनीक के बढ़ते कदमों का ढिंढोरा पीटा जाता है कि अन्नदाता अब हाईटेक हो गया है। हालांकि इन योजनाओं को धरातल पर उतारने वाले नौकरशाहों अर्थात सरकारी अधिकारियों के कारण ये योजनाएं मूर्त रूप लेने में पिछड़ जाती हैं और किसान परेशान होते रहते हैं।**



बाकानेर की बरखा विवेक बड़जात्या ने बताया कि शासकीय व्यवस्थाओं पर आज एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा है। सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए लॉन्च किया पोर्टल और अन्य योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच ही नहीं रहा है। जागरूक किसान जब मीडिया और विज्ञापनों से जानकारी लेकर संबंधित विभाग पहुंचता है, तो पता चलता है कि खुद विभाग प्रमुख को ही उस नई योजना का ककहरा नहीं मालूम। ऐसे में क्या कभी इन योजनाओं के क्रियान्वयन का ऑडिट या सक्सेस परसेंटेज निकाला जा सकता है? उधर, डिजिटल इंडिया के इस दौर में किसानों को ऑनलाइन का चक्कर एक नया दर्द मिला है। फसल बर्बादी या प्राकृतिक आपदा के बाद महीनों तक मुआवजे के लिए भटक रहे किसान को अधिकारी कह देते हैं, जाओ, ऑनलाइन दिखेगा, लेकिन जब किसान किसी कयोस्क या सीएससी सेंटर पर जाकर ऑनलाइन पोर्टल खोलता है, तो वहां डेटा ही अपडेट नहीं होता। यह देखकर मन में यही विचार आता है कि पहले जो फाइलें सरकारी दफ्तरों की अलमारियों में धूल खाती थीं, क्या अब उन्हें कंप्यूटर रूपी डिजिटल दीमक खाने लगे हैं? वे फाइलें आखिर किस तकनीकी लूप में फंस जाती हैं, जो न आगे बढ़ पाती हैं और न वापस आ पाती हैं?

### मुआवजे के लिए महीनों चक्कर काटता किसान

बरखा बड़जात्या ने बताया कि महीनों हो जाते हैं मुआवजे की लिए चक्कर लगाते, विभाग कहता है ऑनलाइन दिखेगा, ऑनलाइन जाओ तो कुछ दिखता ही नहीं जानकारी अपडेट ही नहीं हो तो क्या अब किसानों की फाइल कंप्यूटर खाने लगे हैं या वहां भी थप्पियां लग गई हैं जो न बाहर आ पा रही न वापस जा पा रही हैं। पिछले ही दिनों एक किसान के खेत में आग लगी। केले की फसल में बहुत बड़ा नुकसान हुआ, लेकिन एक बार के बाद किसी सरकारी अधिकारी ने इस ओर झांकना तक भी उचित नहीं समझा। मुआवजा मिला या नहीं यह तो दूसरी बात है।



## राहुल गांधी की गिरफ्तारी और छात्रों के साथ मारपीट के विरोध में किया प्रदर्शन

**सरदारपुर।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ मारपीट करने और प्रधानमंत्री आवास के बाहर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे नेता विपक्ष राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी, सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के निर्देश पर सरदारपुर विधानसभा की कांग्रेस इकाई एवं एनएसयूआई छात्र संगठन द्वारा सरदारपुर के अम्बेडकर चौराहा पर प्रदर्शन किया गया।

मंगलवार को नेता विपक्ष राहुल गांधी को गिरफ्तार करने पर रात्रि 8.30 बजे कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता सरदारपुर अम्बेडकर चौराहे पर धरने पर बैठ गए जो रात्रि 11 बजे सरदारपुर थाना प्रभारी अनिल जाधव की समझाइश पर धरना समाप्त किया गया। बुधवार को शाम तक चलता रहा। कांग्रेस नेता हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल पडियार, जिला कांग्रेस सचिव राजेन्द्र लोहार, युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष भानुप्रतापसिंह टिमायची, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दिनेश चौधरी, युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अर्जुन गेहलोत, उपाध्यक्ष गजराज भूरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बलराम यादव, युवा नेता शिवांग ग्रेवाल, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अरविन्द जाट, मुकेश तुफान, मदन वसुनिया, अर्जुन सेप्टा, परवेज लोदी, महेश कुमावत, अमृत मारू, जीवन ग्रेवाल, तुषार गौराना, विमल शर्मा, छगन मकवाना, शिवम ग्रेवाल, नयन ग्रेवाल, लक्की सोनगरा, मुस्तफा खान, अल्तमश खान, शोएब खान, वरूण डांगी, विपीन डांगी आदि उपस्थित रहे। जानकारी विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

## नर्मदा तट से निकाली जाएगी कांवड़ यात्रा

- तीन दिवसीय कावड़ यात्रा का होगा द्वितीय आयोजन
- श्री शंभुदल कावड़ यात्रा संघ की बैठक में लिया निर्णय



**बाग।** सावन मास के पावन अवसर पर नगर के युवाओं द्वारा बनाया धर्मिक संगठन श्री शंभुदल कावड़ यात्रा संघ कांवड़ यात्रा की बैठक कर द्वितीय कावड़ यात्रा निकाले जाने संकल्प लिया। बाग के युवाओं द्वारा मां नर्मदा तट कोटेश्वर से नगर में विराजमान महाकालेश्वर महादेव मंदिर तक यात्रा निकाली जा रही है।

यात्रा के संबंध में व्यवस्थापक अशोक बोडाना, गणपत सिंह सिसोदिया, विजय भावसार ने बताया कि नगर के युवाओं की एक बैठक मंगलवार को नगर के मध्य स्थिति श्री सिध्दबाघेर्श्वर महादेव मंदिर पर उपस्थित बंधुओ की मनसा अनुसार आयोजन किया जा रहा है, यह द्वितीय वर्ष में कावड़ यात्री एक समान वस्त्र के साथ नजर आएंगे।

यात्रा के दौरान कांवड़िए शिवमय हो कर अपने आत्मबल से समरसता, धर्म जागरण एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए निकाली जा रही है। यह कांवड़ यात्रा 04 अगस्त मंगलवार से 06 अगस्त गुरुवार तक कि रहेगी। जिसमें दो रात्रि के पडाव रहेंगे, प्रथम कोटेश्वर, दुसरा कुक्षी नगर की में रहेगा। यात्रा में 22 सदस्यों ने अपना पंजीयन कराकर चलने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

भोजन निर्माण, रात्रि विश्राम, कोटेश्वरघाट पहुंचे तक कि बैठक में चिन्तन कर कार्ययोजना तैयार कि गई है। 38 किलो मीटर की यात्रा में कावड़ यात्री मां नर्मदा का जल से नगर के सभी शिवालयों पर पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे कर समापन स्थल महांकाल मंदिर पहुंचकर जल अर्पण कर महाआरती के साथ समापन होगा। बैठक में युवा संचीन सोनी, दुर्गेश सेन, विशाल बाबा नामदेव, रावल बाबूजी, राजा बोडाणा, भागीरथ कहार, विशाल भाई, कान्हा धारवाल, गट्टू राठौड़, रितीक कोकने, हर्षु मकवान, गुब्बू सिसोदिया, आशु ठाकुर, भुनेश सेन, गोपाल कटुकिया, दिलीप जादम, रवि गोहिल, शिवम जैन, चंचल मालवीय, सुदर्शन पंवार ने उत्साह भरे बोल बम के साथ जोश में जयकारे लगा कर बैठक का समापन किया गया।

## स्वामी विवेकानंद विद्यालय में नशा मुक्ति पर जागरूकता

**सरदारपुर / दसई।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में बुधवार को दसई पुलिस ने स्वामी विवेकानंद हाई सेकेंडरी स्कूल दसाई में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत एक बड़ा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।




दसाई चौकी प्रभारी दिनेश सिंह यादव और प्रधानआरक्षक मेहरबान सिंह गुर्जर, स्कूल डायरेक्टर अशोक सिंह रघुवंशी की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को नशे के खतरनाक सामाजिक, मानसिक, शारीरिक और आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

इस अवसर पर चौकी प्रभारी ने विद्यालय के सभी स्कूली छात्रों को बताया कि नशा न सिर्फ एक व्यक्ति को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार, समाज और देश की तरक्की को रोक देता है।

कार्यक्रम के दौरान चौकी प्रभारी ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्हें स्वस्थ व अनुशासित जीवन जीने और अपने आसपास के लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

### तकनीकी त्रुटि सुधार

कल 23 जुलाई को धार पेज पर धामनोद से प्रकाशित अध्यक्ष प्रतिनिधि के खिलाफ दर्ज मानहानि का मुकदमा वाली खबर के बीच में बॉक्स के ऊपर एक हेडिंग जिसमें संजय शर्मा ने बताया तकनीक त्रुटि से प्रकाशित हो गया जबकि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा का इस समाचार से कोई संबंध नहीं है। यह गलती से कॉपी पेस्ट के दौरान तकनीकी त्रुटि से हो गई इसमें हम सुधार करते हैं।

### एक नजर में

**संभागीय सेनानी ने जिला होमगार्ड कार्यालय का किया वार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश**

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होमगार्ड जवानों की सराहना, टीम भावना का दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**

**धार।** मुख्यालय होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार संभागीय सेनानी, होमगार्ड्स, इंदौर प्रीतिबाला सिंह द्वारा जिला होमगार्ड कार्यालय, धार का दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयीन व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण गतिविधियों, अनुशासन, आपदा प्रबंधन संसाधनों, जवानों की कार्यकुशलता और विभागीय व्यवस्थाओं का समग्र मूल्यांकन करना था।

निरीक्षण के प्रथम चरण में होमगार्ड जवानों द्वारा उत्कृष्ट परेड एवं मार्चपास्ट प्रस्तुत कर संभागीय सेनानी को सलामी दी गई। संभागीय सेनानी ने परेड का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए प्रत्येक प्लाटून की कदमताल, अनुशासन, ड्रिल, वर्दी एवं टर्नआउट का अवलोकन किया तथा नियमित, गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उत्कृष्ट अनुशासन, आकर्षक टर्नआउट एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके उपरांत जवानों की किट परेड आयोजित की गई।

निरीक्षण के दौरान जिन जवानों की सैन्य किट निर्धारित मानकों के अनुरूप सुव्यवस्थित पाई गई, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। वहीं जिन जवानों की किट एवं टर्नआउट में कमियां पाई गईं, उन्हें विभाग द्वारा प्रदत्त किट भत्ते का समुचित उपयोग कर वर्दी एवं सैन्य सामग्री को सदैव सुव्यवस्थित एवं उच्च स्तर का बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद एसडीईआरएफ के आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान जवानों द्वारा विभिन्न रेस्क्यू उपकरणों के संचालन एवं उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए बॉडी वॉर्न कैमरा के संचालन, उपयोग एवं रेस्क्यू कार्यों में उसकी उपयोगिता का प्रदर्शन कर तकनीकी दक्षता का परिचय दिया गया। निरीक्षण के अगले चरण में जवान सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संभागीय सेनानी श्रीमती प्रीतिबाला सिंह ने जवानों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, समयपालन, टीम भावना एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने जिला धार के होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानों द्वारा विभिन्न अवसरों पर किए जा रहे उत्कृष्ट एवं जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### सतर्कता से आपदाओं से निपटने के निर्देश

साथ ही आगामी मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़, प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु सदैव सतर्क, प्रशिक्षित एवं पूर्ण रूप से तैयार रहने के निर्देश दिए। सम्मेलन के दौरान जवानों द्वारा पदोन्नति संबंधी विषय भी रखा गया, जिस पर संभागीय सेनानी ने मुख्यालय से आवश्यक निर्देश प्राप्त होने पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। शाखा प्रभारियों द्वारा संधारित अभिलेखों, कार्यालयीन दस्तावेजों एवं रजिस्टरों का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधार, अभिलेखों के अद्यतन संधारण, कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा लंबित कार्यों का समयबद्ध निराकरण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान श्री आर.पी. मीना, जिला सेनानी, होमगार्ड धार, श्री अशोक कुमार चौधरी, प्लाटून कमांडर, सुश्री ज्योति बारिया, एएसआई (एम), सुश्री ललिता चौहान, एएसआई (एम) सहित कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड जवान उपस्थित रहे।

## रामामृतम ध्यान साधना का आयोजन

**इंदौर.** एमजी रोड, उच्च न्यायालय के सामने स्थित सिटी सेंटर पर बुधवार को सुबह रामामृतम ध्यान साधना का सार्थक आयोजन किया गया जिसमें परिसर स्थित सभी प्रतिष्ठानों के सहयोगी बंधुओं, संचालकों एवं परिवारजनों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर 7 मिनिट की ध्यान साधना कर स्वयं के लिए आत्मिक शांति, मानसिक संतुलन एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। इस अवसर पर साधुमार्गी जैन समता संघ के अध्यक्ष पारस बोहरा ने प्रारम्भ में सभी प्रशिक्षकों का स्वागत किया. संघ के मनीष बोहरा ने बताया कि रामामृतम की अमृतधारा में सराबोर होकर सभी साधकों ने पूरी ऊर्जा, उत्साह और आंतरिक प्रसन्नता का अनुभव भी किया और साधना के पश्चात हाथ उठाकर अगले 90 दिनों तक प्रतिदिन यह ध्यान साधना करने और इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प व्यक्त किया. संचालन स्वाति बोहरा ने किया. योजना की भूमिका सहयोगी प्रशिक्षक ऊर्जा मेहता एवं स्वामी बोहरा ने बताई.